वर्षः 14 - अंक : 126, मुंबई, गुरुवार, 11 जुलाई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# अब दूध में मिलावट करने वालों की खैर नहीं

# महाराष्ट्र सरकार ने बनाया कानून





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दूध में मिलावट करने वालों के खिलाफ अब महाराष्ट्र की महायुति सरकार सख्त होने जा रही है। सरकार ने दूध में मिलावट जैसे अनैतिक और अमानवीय कृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का मूड बना लिया है। इसके लिए सरकार संबंधित विभागों को पर्याप्त धनराशि देकर मजबूत बनाने जा रही है। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में कहा कि नागरिकों को गाय-भैंस का शुद्ध दूध मिले इस बात को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। इसलिए राज्य सरकार दूध में मिलावट रोकने और मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन को अत्याधुनिक तकनीक, मशीनरी और पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध कराने के लिए जरूरी धनराशि देगी, ऐसा आश्वासन भी उन्होंने दिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

**झुग्गी-झोपड़ी वाली बस्तियों सहित कुछ अन्य जगहों पर कुछ लोग मिलावट कर रहे हैं। महंगे ब्रांड के दूध के पैकेटों में इंजेक्शन आदि से दूषित पानी मिलाया जा रहा है। ऐसे मिलावटी दूध से जानलेवा बीमारियां बढ़ सकती हैं।**



# महाराष्ट्र के 'इन' जिलों में होगी भारी बारिश

## विदर्भ- मराठवाड़ा के लिए येलो अलर्ट जारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले दो दिन हुई लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। बताया जा रहा है कि राज्य में कोंकण छोडकर बाकी जगह हल्क बारिश की संभावना है। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि मराठवाड़ा और विदर्भ में भारी बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी नें बारिश को देखते हुए विदर्भ और मराठवाड़ा के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मराठवाड़ा के छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, परभणी, धाराशिव जिले में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, विदर्भ के बुलढाणा, अकोला, अमरावती, नागपुर, चंद्रपुर गोंदिया और भंडारा में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# सीबीआई के ऑफिस में मिली शीना बोरा की हड्डियां

## अभियोजन पक्ष ने किया कोर्ट में दावा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शीना बोरा हत्याकांड मामले में नया मोड़ आ गया है। अभियोजन पक्ष ने शीना बोरा की कथित हड्डियों एवं अवशेषों का पता नहीं चल पाने की सूचना देने के कुछ सप्ताह बाद कोर्ट में दावा किया कि ये हड्डियां एवं अवशेष नई दिल्ली स्थित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कार्यालय में मिले। शीना बोरा (24) की 2012 में उनकी मां इंद्राणी मुखर्जी और अन्य ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। जानकारी के लिए बता दें कि यह खुलासा उस दिन हुआ, जब निचली अदालत को मिले एक ईमेल में आरोप लगाया गया कि शीना की हड्डियां गायब नहीं हुई थीं, बल्कि वे एक फॉरेंसिक विशेषज्ञ के पास हैं, जिसने उनकी जांच की थी और जो गवाह के तौर पर अदालत के सामने गवाही दे रहा था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में क्रास वोटिंग का डर

## बीजेपी की कोर कमेटी ने बनाई इससे निपटने की रणनीति

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में बीजेपी को महाराष्ट्र में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। इससे सबक सीखते हुए बीजेपी में अक्टूबर में महीने में संभावित विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। बीजेपी के दक्षिण मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय में बीजेपी कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यों की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाने तथा लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने की रणनीति पर चर्चा की गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)




## 9 निर्दलीय व छोटे दलों के विधायकों समर्थन

महाराष्ट्र विधानसभा में मौजूदा समय में बीजेपी के 103 विधायक हैं। इसके अलावा उसे 9 निर्दलीय व छोटे दलों से संबंधित विधायकों का समर्थन भी प्राप्त है। सूत्रों का कहना है कि इसी पृष्ठभूमि में हुई बैठक में मौजूदा विधायकों में क्रॉस वोटिंग रोकने तथा 3 अतिरिक्त वोटों के जुगाड़ की चुनौती पर भी बुधवार को फडणवीस और बीजेपी के महाराष्ट्र प्रभारियों की चर्चा हुई।

## हमारी बात

### मास्को यात्रा का सार

**रूस के लिए मोदी की यात्रा रणनीतिक महत्त्व का साबित हुई। रूस का खास प्रयास पश्चिम के इस प्रचार को झुठलाने का है कि उसे अंतरराष्ट्रीय जगत में अलग-थलग कर दिया गया है। इस लिहाज से इस यात्रा का महत्त्व स्पष्ट है।**

भारत-रूस दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मास्को यात्रा को सफल बताया है। लेकिन सफलता को मापने के दोनों के संभवतः अलग-अलग पैमाने हैं। भारत की नजर में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में हुए समझौतों से देश को फायदा होगा। दोनों देशों ने 2030 तक सालाना आपसी व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है, जो फिलहाल 65 बिलियन डॉलर के करीब है। खबरों के मुताबिक रूस भारत को रियायती दर पर कच्चा तेल देते रहने पर राजी हुआ है। इसके अलावा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग आगे बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में तकनीक ट्रांसफर जारी रखने पर भी रजामंदी हुई। मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के सामने भारतीय नौजवानों को जबरन रूसी सेना में शामिल करने का मुद्दा उठाया, जिस पर पुतिन उन्हें जल्द वहां से मुक्ति देने पर सहमत हुए। इसके अलावा भारत के नजरिए एक सफलता यह भी है कि रूस ने अपने प्रतिष्ठित सम्मान- ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द अपोस्टल से मोदी को सम्मानित किया। विदेश में मोदी के ऊंच कद की छवि बनाना गुजरे दस साल में भारतीय विदेश नीति का एक खास प्रयास रहा है। इस सम्मान से इस कथा में एक नया पहलू जुड़ा है। उधर रूस के लिए यह यात्रा दूरगामी रणनीतिक महत्त्व का साबित हुई। पिछले सवा दो साल में रूस का खास प्रयास पश्चिम के इस प्रचार को झुठलाने का है कि उसे अंतरराष्ट्रीय जगत में अलग-थलग कर दिया गया है। जिस भारत में अमेरिका ने गुजरे वर्षों में खास रणनीतिक निवेश किया है, उसके प्रधानमंत्री मास्को जाकर पुतिन के गले लगें, तो उसका प्रतीकात्मक महत्त्व स्पष्ट है। रूस और चीन की फिलहाल कोशिश यह है कि भारत को जितना संभव है तटस्थ रखने का प्रयास किया जाए, ताकि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में पश्चिमी रणनीति ऊहापोह की शिकार बनी रहे। इसीलिए चीन में मोदी की मास्को यात्रा का दिल खोल कर स्वागत किया गया है। बेशक, इस यात्रा से अमेरिका की तल्खी बढ़ी है, जो उसके विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया से जाहिर हुआ है। तो कुल मिला कर दोनों पक्षों ने अपने हित साधे। फिलहाल इसमें वे सफल रहे हैं।

# दावे के विपरीत यूपी में जारी भ्रष्टाचार, चर्चा में अचलगंज उन्नाव की ई ओ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** कमीशन खोरी के रूप में अधिक से अधिक कमाई में लालच में भ्रष्ट बताये जाने वाले अधिकारी आम जनता की समस्या हल करने की बजाय न केवल उन्हें बढ़ा रहे हैं, बल्कि सरकारी राजस्व को भी लाखों की चपत लगाने में भी सफल हो रहे हैं। यही नहीं कमीशन खोरी आदि के जरिए अधिक से अधिक कमाई का ऐसे अधिकारियों का लालच नियमों और कानून के विपरीत खुलेआम मनमानी करके समस्याओं के खिलाफ ना केवल सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पलीता लगा रहा है ,बल्कि उनको अमली जामा पहनाने में जिलाधिकारियों की गंभीरता, उनके नेतृत्व और कार्यों की पर्यवेक्षण कुशलता और क्षमता पर भी सवाल उठा रहे हैं, जिसकी पुष्टि के लिए उन्नाव की अचलगंज नगर पंचायत की महिला अधिशासी अधिकारी द्वारा कथित रूप से नियम कानून को ताक रखकर की गई टेंडर प्रक्रिया काफी है ,जिसे एक बहुत बड़ा टेंडर घोटाला भी बताया जा रहा है। लग रहे आरोपों और सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अचलगंज नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी अंकिता देवी द्वारा नगर पंचायत अचलगंज में सेवा प्रदाता के चयन हेतु बिड संख्या-जेम/2023/बी/337 दिनांक 22.09.2023 को जेम पोर्टल पर अपलोड की गई ,जिसमें लगभग 250 सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ,जिसके बाद अधिशाषी अधिकारी द्वारा मनमाने तरीके से अपने चहेते सेवा प्रदाता को ठेका दिये जाने के उद्देश्य से मात्र 03 फर्मों की टेक्निकल बिड बिना अध्यक्ष नगर पंचायत अचलगंज के संज्ञान में लाये स्वीकृत की गई। साथ ही अन्य फर्मों की टेक्किनल बिड बिना कारण स्पष्ट करते हुए निरस्त कर दी गई।

अधिशासी अधिकारी के नजदीकी बताए जाने वाले चार सभासदों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर भरोसेमंद सूत्रों को इस बारे में जो जानकारी दी है ,उसके मुताबिक नियम निदेर्शों के अनुरूप तीन से आठ प्रतिशत सेवा कर कमीशन के विपरीत निजी लाभ के लिए 13% सेवाकर के रूप में कमीशन देने वाली विवादित महिला अधिशाषी अधिकारी ने टेक्निकल बिड अपने स्तर से ही खोलकर अन्य बिडों को निरस्त कर अपने चहेते सेवा प्रदाता की तीन बिड अर्ह कर उनकी फाईनेन्शियल बिड भी खोलकर बिना नगर पंचायत अध्यक्ष के संज्ञान में लाये व बिना अनुमति के एल-1 फर्म मे० ओएके स्क्वायर डेवलपर्स नोयडा को 20 अक्टूबर 2023 को स्वीकृति आदेश जारी करते हुए रू0 100/- के स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र भी नियमानुसार एक के बजाय तीन वर्ष के लिए निष्पादित कर दिया। खास बात यह भी कि स्वीकृत बिड में सेवाकर 13 प्रतिशत स्वीकृत किया गया, जबकि शासनादेशों के अनुसार सेवाकर 3 से 8 प्रतिशत तक का ही प्राविधान है। यह भी बताया गया कि बिड में एक वर्ष के लिए ही अनुमानित बिड मूल्य रू0 1,65,00,787.20 निर्धारित करते हुए ईएमडी धनराशि रू० 8,25,039.00 निर्धारित की गई थी, फिर भी अनुबन्ध तीन वर्ष हेतु निष्पादित कर दिया। नगर पंचायत का चुनाव हार चुके एक प्रत्याशी के दो नजदीकी सभासदों ने भी सूत्रों को बताया कमीशन खोरी के रूप में भ्रष्टाचार से की जाने वाली भारी कमाई में प्रशासन के एक अधिकारी की भी हिस्सेदारी बताई जाती है। यही वजह है कि लिखित शिकायतों के बाद भी अधिशाषी अधिकारी से इस बात का स्पष्टीकरण अभी तक नहीं मांगा गया है कि उन्होंने 250 सेवा प्रदाताओं में से केवल एक ही व्यक्ति की तीन में से एक कंपनी का टेंडर क्यों पास किया ? शासन द्वारा निर्धारित तीन से आठ प्रतिशत के बजाय सेवा कर 13% क्यों स्वीकृत किया ? संज्ञान में लाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष से उसकी अनुमति क्यों नहीं ली गई ? नियमतः 1 वर्ष के स्थान पर 3 वर्ष का अनुबंध क्यों किया गया ? वहीं दूसरी गहराई से जानकारी रखने वाले दो नजदीकी सूत्रों ने इस बारे में जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक कमीशन खोरी आदि के जरिए भ्रष्टाचार के फलस्वरूप अधिशासी अधिकारी लाखों करोड़ों की चल - अचल, नामी - बेनामी संपत्ति की मालकिन बनने में भी सफल हुई बताई जातीं हैं, जिसकी पुष्टि उनकी आय से अधिक संपत्ति मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने से भी हो सकती है।

फिलहाल आर्थिक स्वार्थ पूर्ति के इरादे से जुड़े अधिशासी अधिकारी के इस रवैये से यूपी सरकार की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत अचलगंज की जन समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है, जिसकी असली वजह अधिशासी अधिकारी का कथित भ्रष्टाचार पूर्ण रवैया ही बताया जाता है। आखिर अचलगंज क्षेत्र इन हालातों से निजात कब पाएगा। यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

# जलगांव : जिला जेल में की कैदी ने कैदी की हत्या, मचा हड़कंप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगांव।** जिला जेल में एक कैदी द्वारा दूसरे कैदी की हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि भुसावल में पूर्व नगर सेवक रविन्द्र बाबूराव खरात की हत्या के मामले में एक संदिग्ध की आंतरिक विवाद के कारण हत्या कर दी गई। मारे गए युवक की पहचान मोहसिन असगर खान (34) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार 9 जुलाई 2024 को दोपहर को मोहसिन असगर खान की एक अन्य संदिग्ध से जेल में बहस हो गई। दोपहर से ही दोनों में झगड़ा हो रहा था। मोहसिन असगर खान पर रात करीब 1:30 बजे एक अन्य संदिग्ध ने हमला किया। जिससे मोहसिन खान गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सा अधिकारियों ने जांच



के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी जेल पहुंचे और संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। जिले में जहां पिछले कुछ महीनों से लगातर हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं, वहीं बुधवार की सुबह जिला जेल में आपसी विवाद के चलते एक संदिग्ध की हत्या की घटना सामने आई है। जिससे जिला सहम गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जेल में ही लोग सुरक्षित नही है। आम नागरिक जिला प्रशासन से सुरक्षा की किया उम्मीद लगा सकते है। जिसका जीता जागता उदाहरण जलगाँव जिला जेल में हुई एक कैदी की से अनुमान लगाया जा सकता है। बता दें की अपराधिक मामलों को रोकने के लिए जिला पुलिस प्रशासन विफल होता हुआ नजर आ रहा है। घटना को लेकर आम नागरिकों में एक डर का माहौल भी पैदा हो गया है। न्याय व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पर कई बार उंगलियां उठ चुकी है। लेकिन इस तरह की अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पर फिर एक बार सवालिया निशान लग गए है। पुलिस प्रशासन को इस तरह के मामलों से सख्ती से निपटना चाहिए। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर एक कैदी दूर कैदी की जान कैसे ले सकता है। जिस भी हथियार से कैदी की हत्या हुई आखिकार जेल में सीसीटीवी व सुरक्षा के चलते हथियार किसने उपलब्ध कराया। ये बहुत गंभीर जांच का विषय है। मृतक के परिजनों ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।
www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com https://www.facebook.com/mumbaihalchal.halchal https://twitter.com/MumbaiHalchal

# बीजीटीए ने अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई और सम्मान में प्लैटिनम जुबली समारोह पर दिन भर का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** बीजीटीए ने अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई और सम्मान में प्लैटिनम जुबली समारोह पर दिन भर का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सड़क परिवहन उद्योग का बड़ा योगदान रहा। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 5 जुलाई 2024 को सिडको प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर,वाशी नवी मुंबई में आयोजित किया गया। ड्राइविंग परिवर्तनः सड़क परिवहन में दक्षता, स्थिरता और समावेशिता को बढ़ावा देना, प्रौद्योगिकी अपनाने और युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला गया। मंच पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जहां केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के प्रेरक वीडियो संदेश से सम्मानित किया गया। वहीं कृषि मूल्य आयोग और पर्यावरण और स्थिरता पर मुख्यमंत्री टास्क फोर्स (महाराष्ट्र राज्य) के कार्यकारी अध्यक्ष, पाशा पटेल, सतेज बंटी डी. पाटिल, एमएलसी, पूर्व परिवहन मंत्री और पूर्व गृह मंत्री (महाराष्ट्र राज्य); डॉ अविनाश ढाकने, आईएएस, सदस्य सचिव -एमपीसीबी, एमडी-एमएफएससीडीसी और पूर्व परिवहन आयुक्त (महाराष्ट्र सरकार) विवेक भंवर, आईएएस, परिवहन आयुक्त, (महाराष्ट्र सरकार); जयंत पाटिल, संयुक्त जीएसटी आयुक्त, महाराष्ट्र



सरकार, जीतेन्द्र पाटिल, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त महाराष्ट्र सरकार, सुरेश खोसला, अध्यक्ष - बीजीटीए, बल मलकीत सिंह, अध्यक्ष आयोजन समिति, अशोक गोयल, संयोजक, अमृतलाल मदान, अध्यक्ष - एआईएमटीसी, डॉ. जी आर शनमुगप्पा, अध्यक्ष - एआईएमटीसी कार्यक्रम के दौरान उठाए गए परिवहन बिरादरी के विभिन्न मुद्दे और अपेक्षाएं सभी के सामने रखा 1) अंतरविभागीय स्थायी समिति का गठन किया जाएगा मुखिया की अध्यक्षता में परिवहन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों का निपटारा महाराष्ट्र के सचिव समय-समय पर मिलेंगे और मुद्दों को कम करेंगे समयबद्ध तरीके से परिवहन क्षेत्र।

2) निर्बाध आवाजाही में महत्वपूर्ण बाधा राज्य में वाहनों के लिए सीमा जांच चौकियां बनी हुई हैं और राज्य में सीमा जांच चौकियों को एक निर्दिष्ट समय सीमा में समाप्त किया जाना चाहिए।

3) ई-चालान का दुरुपयोग जो उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के अलावा हमारी परिचालन लागत को बढ़ाता है। एक मानक संचालन प्रक्रिया और तकनीक से संचालित मानव हस्तक्षेप मुक्त और पारदर्शी इलेक्ट्रॉनिक प्रवर्तन।

4) मुंबई प्रवेश बिंदुओं पर पूर्ववर्ती ऑक्ट्रोई नाका की भूमि का उपयोग मुंबई में मानखुर्द, मुलुंड और दहिसर को सुरक्षित ट्रक टर्मिनल/पार्किंग जोन में शामिल किया गया मुंबई में भीड़ कम करने और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश बिंदु और राजमार्गों पर बुनियादी सुविधाओं के विकास, वाणिज्यिक के लिए सुरक्षित टर्मिनल / पार्किंग क्षेत्र का वादा महाराष्ट्र राज्य में राजमार्गों और महत्वपूर्ण स्थानों पर वाहन और अन्य सड़क उपयोगकर्ता।

5) मुंबई में 8 साल से अधिक पुराने ट्रकों पर प्रतिबंध लगाने के बॉम्बे हाई कोर्ट के 1990 के आदेश पर महाराष्ट्र सरकार द्वारा समीक्षा की जाएगी। इस बात पर प्रकाश डाला गया कि आज 2024 में प्रौद्योगिकी और उत्सर्जन नियंत्रण में काफी सुधार हुआ है और अब ट्रक प्रदूषण नहीं फैला रहे हैं।

6)एचसीवी वाहनों के लिए क्लीनर की आवश्यकता के संबंध में धारा 249 एमएमवीआर के तहत नियम में संशोधन की आवश्यकता है।

7) वडाला ट्रक टर्मिनल को पूरी तरह कार्यात्मक बनाने के लिए अनुमति देना।

8) प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जानबूझकर व्याख्या के आधार पर परिवहन बिरादरी को 2016-17 के कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

कार्यक्रम ने दर्शकों को ज्ञानवर्धक और समृद्ध प्रस्तुतियों और पैनल चर्चाओं से मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री पाशा पटेल ने माननीय प्रमुख के साथ परिवहन व्यापार के मुद्दों को उठाने का आश्वासन दिया मंत्री. श्री सतेज बंटी डी पाटिल ने भी देश की जीवन रेखा परिवहन बिरादरी के मुद्दों को उठाने के लिए, विशेष रूप से महाराष्ट्र राज्य विधानसभा में महाराष्ट्र में सीमा चेकपोस्ट को खत्म करने और सरकार के साथ गंभीरता से बात की। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र और देश के बाकी हिस्सों से परिवहन बिरादरी के 1500 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।




**जमीयत उलमा हिंद के एक प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश के हाथरस का दौरा किया। पीड़ितों से प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात में मृतकों के परिजनों को 10 हजार और घायलों को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। साम्प्रदायिक ताकतें दिलों में दूरियां पैदा करती हैं, जमीयत उलमा-ए-हिंद दिलों को जोड़ने का काम करती है।**

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### सीबीआई के ऑफिस में मिली शीना बोरा की हड्डियां

ईमेल में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस गवाह ने अचानक बहुत संपत्ति अर्जित कर ली है। विशेष सीबीआई जस्टिस एस पी नाइक निंबालकर ने बुधवार को अदालत में मौजूद बचाव पक्ष के वकीलों को ईमेल के बारे में जानकारी दी। इसे पढ़ने के बाद वकीलों ने कहा कि आरोप की जांच होनी चाहिए। इसके बाद जज ने केंद्रीय जांच एजेंसी से जवाब मांगा। अभियोजन पक्ष ने कहा कि उसने सबसे पहले 24 अप्रैल को अदालत को शीना के अवशेषों के लापता होने के बारे में सूचित किया था और 10 जून को उसने कहा कि वे नहीं मिल सके। अभियोजक सी जे नंदोडे ने कहा, लेकिन इस बीच कार्यालय के मालखाने की फिर से तलाशी लेने पर... सामान यानी हड्डियां पड़ी मिलीं। हत्या के मामले में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी अब जमानत पर बाहर हैं। हत्या का यह मामला 2015 में सामने आया था।

### अब दूध में मिलावट करने वालों की खैर नहीं

बता दें कि दूध मिलावट की समस्या की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने पहले ही दोषियों को फांसी की सजा देने का कानून बनाया था। इस कानून को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया है। इस बारे में अजित पवार ने विधानसभा में कहा कि दूध मिलावट के अपराध में फांसी की सजा को राष्ट्रपति कार्यालय ने तुलनात्मक रूप से बहुत बड़ी सजा माना होगा, शायद इस वजह से इस पर अभी तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राज्य सरकार का यह मानना है कि दूध में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए और ग्राहकों को शुद्ध और मिलावट रहित दूध मिलना चाहिए। लेकिन मौजूदा समय में दूध उत्पादकों को उनके दूध का अच्छा-खासा दाम मिलने लगा है। इसके बाद भी झुग्गी-झोपड़ी वाली बस्तियों सहित कुछ अन्य जगहों पर कुछ लोग मिलावट कर रहे हैं। महंगे ब्रांड के दूध के पैकेटों में इंजेक्शन आदि से दूषित पानी मिलाया जा रहा है। ऐसे मिलावटी दूध से जानलेवा बीमारियां बढ़ सकती हैं।

### महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में क्रास वोटिंग का डर

बता दें कि बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं सह-प्रभारी व केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अलावा मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष आशीष शेलार, विधान परिषद में बीजेपी के गुट नेता प्रवीण दरेकर, कोषाध्यक्ष व विधायक मिहीर कोटेचा सहित मुंबई कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने तथा विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई। बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले 12 जुलाई को होने वाले विधान परिषद के 11 सीटों के चुनाव को भी बीजेपी आलाकमान बड़ी चुनौती के रूप में देख रहे हैं।

### महाराष्ट्र के 'इन' जिलों में होगी भारी बारिश

आईएमडी ने कहा कि उत्तर महाराष्ट्र के नासिक, अहमदनगर, नंदुरबार जिले में बुधवार और गुरुवार को बारिश होने की संभावना है। पुणे, सतारा, सांगली, कोल्हापुर जिले में गरज के साथ भारी बारिश का अनुमान है। इन जिलो के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि कोंकण के कई जिलों में भारी बारिश और कई जगह मुसलाधार बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं मुंबई समेत मुंबई उपनगरों के इलाके में हल्की बारिश होने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। वहीं पुणे में भी बारिश की संभावना कम है, लेकिन दिन भर बादल छाए रहेंगे। साथ ही घाट इलाके में येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुंबई में रविवार और सोमवार को हुई बारिश की वजह से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था।

# भारतीय मजदूर संगठन का श्रमिक विजय सम्मेलन जलगांव में संपन्न

**★ लैड पेज कमेटी का जताया आभार : सोनवणे**

**★ कार्यक्रम में विधायक सुरेश भोले (राजू मामा)भी हुए शामिल**

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**जलगांव।** महाराष्ट्र सरकार की लैड पेज समिति की नीति के अनुसार विरासत के अधिकार से नियुक्तियाँ करते समय अनुसूचित जाति की अन्य श्रेणियों की जातियों को बाहर रखा गया। उस संबंध में विगत 24 जून 2024 को बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच में एक रिट याचिका दायर करके माननीय जस्टिस घुगे साहब और जस्टिस खोबरागड़े साहब की पीठ ने आदेश दिया कि लैड पेज कमेटी की सिफारिश के मुताबिक नियुक्तियां करते समय अनुसूचित जाति को भी शामिल किया जाए। इस मामले में श्रमिक नेता राजेश सोनवणे, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय सफाई कर्मचारी संघ एवं प्रदेश अध्यक्ष, कर्मचारी/अधिकारी कल्याण संघ, मंत्रालय, मुंबई ने संगठन की ओर से न्यायालय की पुरजोर सराहना की। भारतीय मजदूर संघ जलगांव जिले की ओर से सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार, टेलीफोन



कार्यालय के पीछे डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर मार्केट के पास एक भव्य श्रमिक विजय रैली का आयोजन किया गया। इस श्रमिक विजय सभा में श्रमिक नेता राजेश सोनवणे उन्हें जलगांव शहर नगर निगम सफाई कर्मचारी और संगठन की जलगांव जिला शाखा की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग, मुंबई के पूर्व अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश सीएल.थुल, जलगांव शहर के विधायक राजुमामा भोले, जलगांव नगर निगम के विपक्ष नेता सुनील महाजन, सलाहकार. एड.राजेश झालटे, पूर्व नगरसेवक सुरेश सोनवणे, मिलिंद सोनवणे आदि मौजूद थे। इस अवसर पर मुकुंद सपकाले ने अपने विचार व्यक्त किया। इस सभा में बड़ी संख्या में जलगांव शहर नगर निगम के सफाईकर्मी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद सपकाले, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जहांगीर खान, रविन्द्र बाविस्कर, सुभाष सपकाले, दीपक भालेराव, रेखा तायड़े, दिलीप तायड़े, अमोल भालेराव, शेनफादु सोनवाने, अशोक डोंगरे, भगवान डोंगरे, भगवान गायकवाड़, गोपाल सोनवाने, राहुल बिन्हाड़े, जिला महासचिव बापू सोनवाने सहित अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जारी की गाइडलाइन

# क्लास 3 और 6 को छोड़कर नहीं बदलेगा सीबीएसई का सिलेबस

## एनसीईआरटी की नई किताबों को लेकर हो गया है कन्फ्यूजन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने साफ किया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए केवल कक्षा 3 और 6 के सिलेबस में बदलाव किया जाएगा। इसके अलावा अन्य किसी भी कक्षा के सिलेबस में कोई बदलाव नहीं होगा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 18.03.2024 को एक पत्र के माध्यम से सीबीएसई को सूचित किया है कि कक्षा 3 और 6 के लिए नए सिलेबस और किताबें वर्तमान में विकास के अधीन हैं और जल्द ही जारी की जाएंगी। इस वजह से, स्कूलों को सलाह दी गई है कि वे वर्ष 2023 तक एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर कक्षा 3 और 6 के लिए इन नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का पालन करें।

### फिलहाल 3 और 6 की पुरानी किताबें होंगी इस्तेमाल

नए एकेडमिक सेशन के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 3 और 6 के लिए नए पाठ्यक्रम के तहत किताबें जारी करने की घोषणा की थी। एनसीईआरटी की कोशिश है कि यह किताबें राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुसार हों। इसके साथ ही परिषद ने यह निर्देश भी दिया था कि नए सेशन में कक्षा 3 और 6 के लिए नई किताबों का ही इस्तेमाल करना होगा। ऐसे में एकेडमिक ईयर 2024-25 का करिकुलम जारी करने से पहले सीबीएसई ने एनसीईआरटी से नई किताबों के बारे में पूछा. जिसके बाद एनसीईआरटी ने सीबीएसई को लेटर भेजकर कहा कि अभी नई किताबों का काम पूरा नहीं हुआ है वह जल्द दी जारी कर दी जाएंगी।



*साल 2023 की किताबों से होगी पढ़ाई : सीबीएसई ने दिशा निर्देश जारी कर कहा है कि 1 अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में कोई बदलाव नहीं होगा। जब तक कक्षा 3 और कक्षा 6 का नया सिलेबस नहीं आता तब तक साल 2023 की किताबों से पढ़ाई कराई जाएगी।*

### न्यूज वेबसाइट ने नई किताबों को लेकर छापा था आर्टिकल

एक न्यूज वेबसाइट पर एनसीईआरटी की नई किताबों को लेकर छपे आर्टिकल की वजह से शिक्षकों के बीच कन्फ्यूजन पैदा हो गया था। इस गलत आर्टिकल में लिखा हुआ था कि छठी कक्षा की एनसीईआरटी किताबों को छात्रों तक पहुंचने में 2 महीने और लगेंगे. सीबीएसई द्वारा यह सूचित नहीं किया गया था कि क्या केवल कक्षा **III** और **VI** को संशोधित किताबों प्राप्त होंगी या कक्षा **IX** और **XI** को भी शामिल किया जाएगा। कक्षा 9वीं की अंग्रेजी एवं भूगोल तथा कक्षा 11वीं की कंप्यूटर विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं इतिहास की किताबों अभी प्रिंट नहीं हुई हैं। इस गलतफहमी को दूर करने के लिए एक और आर्टिकल छापा गया, जिसमें स्पष्ट किया कि जुलाई 2024 के भीतर एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 6 की सभी किताबों उपलब्ध करा दी जाएंगी, जिस 2 महीने की डेटलाइन का उल्लेख किया जा रहा है वह गलत है।


### बोर्ड का नोटिफिकेशन

बोर्ड ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि सीबीएसई ने कक्षा **IX** से **XII** के लिए कुरिकुलम जारी किया है जिसमें शैक्षणिक सामग्री, सीखने के परिणामों के साथ परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम, शैक्षणिक अभ्यास और मूल्यांकन दिशानिर्देश शामिल हैं। स्कूलों को सिलेबस से जुड़े निर्देशों का पालन करना होगा। सीबीएसई ने कहा कि स्कूलों में विषयों को सिलेबस के अनुसार पढ़ाया जाना चाहिए इसके अलावा छात्रों को आर्ट इंटीग्रेटेड एजुकेशन, एक्सपेरिमेंट लर्निंग और शैक्षणिक योजनाओं के बारे में पढ़ाने का निर्देश दिया है। स्कूलों से अनुरोध है कि वे बोर्ड की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट सीबीएसई एकेडमिक डॉट निक डॉट इन पर उपलब्ध पाठ्यक्रम 2024-25 को सभी छात्रों और शिक्षकों के साथ शेयर करें। कक्षा **IX-XII** 2024-25 के लिए सीबीएसई पाठ्यक्रम को लिंक-सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाठ्यक्रम एचटीटीपीएस:// सीबीएसई एकेडमिक डॉट निक डॉट इन/कैरीकलम 2025.एचडीएमएल पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### जनसंख्या नियंत्रण के लिए बने पॉलिसी : गिरिराज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने मुखपत्र ऑर्गेनाइजर मैग्जीन में बदलती डेमोग्राफी को लेकर जनसंख्या नियंत्रण के लिए पॉलिसी की मांग की है। इस मांग पर अब भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का भी बयान आ गया है। गिरिराज सिंह का कहना है कि अगर चीन वन चाइल्ड पॉलिसी न लाया होता तो वहां की जनसंख्या अनियंत्रित हो जाती।इसी के साथ गिरिराज सिंह ने भारत में भी ऐसी ही किसी नीति की वकालत की है। उन्होंने कहा, 'हमें भी ऐसे ही कानून की आवश्यकता है जो हिंदू मुस्लिम, सिख, ईसाई, सब पर समान रूप से लागू हो।'



### अयोध्या में हुए अरबों के भूमि घोटाले : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अयोध्या में अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। यहां पर भू-माफियाओं ने जमीनें खरीदी हैं। उन्होंने मांग की है कि इसकी जांच की जानी चाहिए। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा कि जैसे-जैसे अयोध्या की जमीन के सौदों का भंडाफोड़ हो रहा है उससे ये सच सामने आ रहा है कि भाजपा राज में अयोध्या के बाहर के लोगों ने मुनाफा कमाने के लिए बड़े स्तर पर जमीन की खरीद-फरोख़्त की है।



### कश्मीर में पिछले कुछ दिनों से बढ़ गए हैं आतंकी हमले

# घाटी में घुस चुके हैं पाकिस्तानी आतंकी स्थानीय दहशतगर्द कर रहे इनकी मदद

*जम्मू में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी के बीच सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों का मानना है कि दो से तीन स्थानीय आतंकवादी, जो डोडा से पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में घुसपैठ कर आए थे, हाल के दिनों में पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए से घुसपैठ कर चुके हैं और कठुआ, उधमपुर और डोडा जिलों में सफल आतंकी हमलों में उनकी मदद कर रहे हैं।*

मुंबई हलचल / जम्मू

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि ये स्थानीय आतंकवादी सालों पहले पीओके में घुसपैठ कर आए थे। उन्होंने कहा, "हमारे पास खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि ये आतंकवादी विदेशी आतंकवादियों के साथ घुसपैठ कर चुके हैं। भौगोलिक इलाके से परिचित होने की वजह से वे अब जंगलों में लक्ष्यों और सुरक्षित ठिकानों की पहचान करने में उनकी मदद कर रहे हैं। साथ ही, स्लीपर सेल द्वारा स्थानीय समर्थन को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

नाम न बताने की शर्त पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, "हमें जानकारी मिली है कि ये स्थानीय आतंकवादी करीब तीन महीने पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ घुसपैठ कर चुके हैं।'' एक सप्ताह पहले, पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा था कि कुछ विदेशी आतंकवादी घुसपैठ करने में कामयाब हो गए हैं और सुरक्षा बलों ने उन्हें खत्म करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है।

### भौगोलिक जानकारी लेने चीनी अल्ट्रासेट हैंडसेट की ले रहे मदद




### लक्ष्य का स्थान चुनने के लिए खास ऐप का इस्तेमाल

खुफिया सूत्रों ने खुलासा किया है कि पाकिस्तानी आतंकवादी भौगोलिक इलाके की जानकारी, संवाद और अपने लक्ष्यों का पता लगाने के लिए अल्पाइन क्वेस्ट मोबाइल ऐप और चीनी अल्ट्रासेट हैंडसेट का भी सहारा ले रहे हैं। कठुआ में सोमवार को मछेड़ी इलाके के भदनोता गांव में हुए आतंकवादी हमले की जांच कर रही जांच एजेंसियों ने खुलासा किया है कि आतंकवादियों ने लक्ष्य का स्थान चुनने के लिए अल्पाइन क्वेस्ट ऐप का इस्तेमाल किया था। इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे, जबकि पांच अन्य घायल हुए थे।

### बिना नेटवर्क भी ऐप देती है सटीक जानकारी

सूत्रों ने आगे कहा, "हम जांच कर रहे हैं कि पिछले डेढ़ साल में जम्मू में हुए सभी आतंकी हमलों में इस ऐप का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। अल्पाइन क्वेस्ट ऐप नदियों, नालों और पहाड़ियों की सटीक लोकेशन की पहचान करने में मदद करती है।" यह ऐप आतंकियों को घने जंगलों में नेविगेट करने और सुरक्षा बलों को चकमा देने में मदद करता है। यह नेटवर्क के बिना भी पहाड़ी इलाकों की सटीक जानकारी देती है। जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के प्रॉक्सी कश्मीर टाइगर्स ने कठुआ हमले की जिम्मेदारी ली है। जांचकर्ताओं का मानना है कि जम्मू क्षेत्र में आतंकियों के दो अलग-अलग समूह सक्रिय थे। उन्होंने कहा, "दोनों समूह तीन से चार आतंकियों के छोटे-छोटे समूहों में बंट गए हैं और डोडा, कठुआ, उधमपुर और रियासी के ऊपरी इलाकों में फैल गए हैं।

### 14 मोबाइल ऐप्स पर लगाया था बैन

सूत्रों ने बताया कि पिछले साल मई में केंद्र ने 14 मोबाइल मैसेजिंग एप्लीकेशन पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनका कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर में आतंकी समूहों द्वारा अपने समर्थकों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स से बात करने और पाकिस्तान से निर्देश प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। प्रतिबंधित ऐप्स में क्राइपवाइजर, एनिग्मा, सेफस्विस, विक्रम, मीडियाफायर, ब्रायर, बीचैट, नंदबॉक्स, कॉनियन, आईएमओ, एलिमेंट, सेकंड लाइन, जांगी और थ्रीमा शामिल थे।

# विधायक, पार्षद और पूर्व मंत्री समेत कई नेता बीजेपी में हुए शामिल



### दिल्ली में बड़ा सियासी पालाबदल आप को तगड़ा झटका

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता और मंत्री राजकुमार आनंद ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और बीएसपी में शामिल हुए थे। अब वो भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। उनके साथ ही आप सिटिंग एमएलए करतार सिंह तंवर, रत्नेश गुप्ता, सचिन राय, पूर्व विधायक वीना आनंद और आप पार्षद उमेद सिंह फोगाट भी बीजेपी में शामिल हुए हैं। इन नेताओं ने दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की उपस्थिति में पार्टी ज्वाइन की। पिछले दिनों अप्रैल में राजकुमार आनंद ने भ्रष्टाचार पर पार्टी की नीति पर असंतोष जताते हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा सीधे तौर पर शराब नीति मामले से जुड़ा था, जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार किया गया था।

### लोकसभा चुनाव में करारी हार

बता दें कि राजकुमार आनंद ने हाल में हुए लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। चुनावी रण में उन्हें सिर्फ 5629 वोट मिले थे। इस सीट से बीजेपी की बांसुरी स्वराज ने 78370 वोटों से जीत दर्ज की। उन्हें 453185 वोट मिले. दूसरे पायदान पर 374815 वोटों के आम आदमी पार्टी के सोमनाथ भारती रहे। पटेल नगर से पूर्व विधायक राज कुमार आनंद, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली कैबिनेट में समाज कल्याण और एससी/एसटी मंत्री थे। आनंद ने कहा कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह अपना नाम चल रहे 'भ्रष्टाचार' से नहीं जोड़ सकते थे।

### भारत और ऑस्ट्रिया का संयुक्त घोषणा पत्र जारी

# पीएम मोदी ने दोहराया शांति संदेश, चांसलर बोले- रूस-यूक्रेन शांति में भारत का रोल अहम

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

**पीएम मोदी ने कहा कि आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है।**

एक दिनी यात्रा पर आस्ट्रिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और ऑस्ट्रिया का संयुक्त घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि मेरी ये यात्रा विशेष और ऐतिहासिक है। हमने दशकों के सहयोग का खाका तैयार किया है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।

हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, सभी पर विस्तार से बात की है। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। हमने दुनिया में चल रहे विवादों पर बात की। हमने यूक्रेन पर भी बात की है। हमने शांति और स्थिरता के लिए बात की है। हम शांति के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। क्लाइमेंट और आतंकवाद भी अहम मुद्दा है।

**ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा कि भारत एक प्रभावशाली देश है जिसकी रूस-यूक्रेन शांति प्रक्रिया में काफी महत्वपूर्ण भूमिका है**

**ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग खुद पीएम मोदी की अगवानी करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे**



### सहयोग से स्टार्टअप को देंगे गति

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया है। यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है। ढांचागत विकास, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा। दोनों देशों की युवा शक्ति और विचारों को जोड़ने के लिए स्टार्ट अप को गति दी जाएगी। गतिशीलका प्रवासन के मामले में साझेदारी पर पहले ही समझौता हुआ है। कानूनी प्रवासनन और कुशल कार्यबल को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया जाएगा।

### पीएम ने यात्रा को बताया ऐतिहासिक

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही मुझे ऑस्ट्रिया आने का मौका मिला। मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। 41 वर्ष के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा है। यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय हो रही है, जब हमारे आपसी संबंधों के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में आपसी विश्वास हमारे संबंधों की नींव हैं। आपसी विश्वास से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई।

### शांति के लिए वैश्विक प्रयासों का आह्वान

ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर और पीएम मोदी ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए साझा वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन में जॉइंट वेस्ट-ग्लोबल साउथ स्ट्रेटेजी की वकालत की। आस्ट्रिया के चांसलर ने कहा कि भारत एक प्रभावशाली देश है।

### रूस से ऑस्ट्रिया पहुंचे पीएम मोदी

रूस की यात्रा खत्म कर सीधे यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यहां भी भव्य स्वागत हुआ। यूरोपीय देश में प्रधानमंत्री का रेड कार्पेट के साथ वेलकम किया गया। ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग खुद पीएम मोदी की अगवानी करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे।

# आज से राजधानी में शुरू होगा बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के विदेश मंत्रियों का दूसरा सम्मेलन गुरुवार से राजधानी दिल्ली में शुरू होगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर इस सम्मेलन में बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे। यह आयोजन मुख्य रूप से बंगाल की खाड़ी और तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा, व्यापार-निवेश के क्षेत्रों सहित कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के लिए बिम्सटेक देशों को एक अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन 11 से 12 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों का पहला सम्मेलन पिछले साल 2023 के जुलाई महीने में थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित किया गया था।



### राष्ट्रपति जेलेंस्की को रास नहीं आई पीएम मोदी की रूस यात्रा

# यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने में भूमिका निभा सकता भारत: यूएस

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत और रूस के राष्ट्रप्रमुखों के बीच मॉस्को में बीते दिनों हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद अमेरिका का एक बयान सामने आया है। जिसमें उसने कहा है कि भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर बनी हुई चिंताओं के बीच अमेरिका लगातार भारत को अपने सामरिक भागीदार के रूप में देखते हुए उसके साथ व्यापक संवाद के पक्ष में है। साथ ही उसे ये भरोसा है कि नई दिल्ली रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए राजी कर सकती है। इसका आधार भारत और रूस के मजबूत संबंध हैं। अमेरिका ने भारत से यह अनुरोध भी किया है कि वो रूस को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) चार्टर के और यूक्रेन की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के महत्व के बारे में बताए। भारत के रूस के साथ संबंधों से ये संभव है कि यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति हो सकती है। यह जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दी। उनसे संवाददाताओं ने पीएम मोदी की रूस यात्रा को लेकर अमेरिका की प्रतिक्रिया पर सवाल किए थे। यहां बता दें कि यूक्रेन विवाद के बीच बीती 9 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मॉस्को में हुए 22 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन पर अमेरिका सहित पश्चिम के सभी देशों की निगाहें टिकी हुई थी। इस बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि यूक्रेन विवाद का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है और शांति के प्रयास बम और बारूद के बीच सफल नहीं हो सकते हैं। भारत शांति स्थापित करने के लिए हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार है। अमेरिकी प्रेस सचिव ने भारत के रूस से संबंध और प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को यात्रा को लेकर पूछे गए एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि दोनों देशों का काफी लंबे समय से संबंध रहा है। लेकिन अमेरिका के संदर्भ में भारत एक सामरिक भागीदार है। जिसके साथ हम लगातार एक पूर्ण और खुला संवाद करना चाहते हैं। इसमें भारत के रूस के साथ संबंध भी शामिल हैं। जहां तक इस सप्ताह होने वाले नाटो सम्मेलन की बात है तो उसमें भी दुनिया निश्चित ही यूक्रेन संघर्ष पर ही ध्यान केंद्रित करेगी। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अन्य प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका की भारत और रूस के संबंधों को लेकर चिंता बनी हुई है। हमने इसे निजी तौर पर सीधे भारत सरकार के साथ साझा भी किया है और लगातार ऐसा करते रहेंगे। इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# प्रादेशिक वन विभाग तहसील कड़ेगाव को असद ग्राम पंचायत की और से तेंदुए के आतंक से बचाओ के लिए दिया गया ज्ञापन

**सांगली।** सांगली के पलुस कड़ेगाव के विधायक पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विश्वजीत कदम साहब ने विधानमंडल के मानसून सत्र के अधिवेशन में तेंदुए के मुददे को उठाया था, आज आम जनता तेंदुए से परेशान है, आज असद ग्राम पंचायत की और से तेंदुए को पकड़ जंगल में छोड़ने के लिए ज्ञापन सरपंच सहित संजयकुमार जाधव (राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के कड़ेगाव तहसील सचिव एवम सोसाइटी के चेयरमैन) द्वारा दिया गया। तहसील कडेगाव के आसद, वाजेगाव, चिंचनी (अंबक) ग्राम में पिछले अनेक दिनों से असद ग्राम सहित आस पास के ग्राम में तेंदुए ने आतंक मचा रखा है, आम आदमी में डर का माहौल बन गया है, किसानों का खेत में जाना मुस्किल हो गया है, और अभी खेतो के काम भी चालू है, मजदूर भी काम करने के लिए नहीं आ रहे हैं, वैसे भी किसान लोन



के बोजे से बुरा हाल है, और अब इस तेंदुए के नजर आने और पालतू पशुओं,जानवरों के शिकार की खबर से किसानों का बुरा हाल है, पिछले 1 साल से तेंदूए और उस के बच्चे नजर आए थे, कल देर रात 1से 3 बजे के आस पास तेंदूए ने आसद ग्राम के किसान मचिंद्रनाथ तात्यासो जाधव के तबेले से कुछ ही समय पहले जने भैंस के पछड़े पे किया हमला और बछड़े का शिकार किया, जल्द से जल्द इस तेंदुए से ग्राम वासियों एवम किसान भाईयों के पशुओं की सुरक्षा के उद्देश से प्रादेशिक वन विभाग तहसील कड़ेगाव को असद ग्राम पंचायत की और से ज्ञापन सरपंच मोहन जगन्नाथ जाधव, सोसाइटी चेयरमैन संजयकुमार जाधव,ग्राम पंचायत सदस्य नंदकुमार जाधव, सोनहिरा शक्कर कारखाने के संचालक प्रभाकर चंद्रकांत जाधव,पूर्व चेयरमैन संजय पंडरीनाथ जाधव, संचालक संपत आनंदराव जाधव आदि द्वारा, वनक्षेत्रपाल संतोष बळीराम शिरशेटवार, सुनील सुहास पवार वनरक्षक कडेगाव,वन विभाग के अभिजीत बाबासो कुंभार (वनरक्षक सोनसळ), प्रतिभा विशाल मंडले(वनरक्षक वांगी), सुरेश अशोक लोहार (वनरक्षक पलुस), भाग्यश्री भाऊसो कुंभार (वनरक्षक कडेपुर) सभी अधिकारियों की उपस्थिती में ज्ञापन दिया गया।

# दीवानी न्यायलय के आदेश का कंदुई गांव के कुछ व्यक्तियों ने उड़ाई धज्जिया

**कंदुई।** आपको बतादे की भदोही जिले के चौरी थाना अंतर्गत कंदुई गांव मे जल निकासी व जल भराव की समस्या पीछे 14 महीनों से अनवरत बनी हुई है, इस मामले को लेकर ग्रामवासियो द्वारा उपजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था,उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा जल निकासी का आदेश भी दिया गया, मामले में दीवानी न्यायलय द्वारा हस्तछेप के बावजूद भी जितिन, विनीत, मधुप नामक व्यक्ति द्वारा सरकारी कार्य मे बाधा उतपन्न किया गया। राजस्व व पंचयात विभाग द्वारा बनाई गई नालियां जो अभी निमार्णाधीन है इनलोगो के द्वारा मिट्टी डाल कर पाटा जा रहा है,मामला जब दीवानी न्यायलय में विचाराधीन है तो मनबढ़ व दबंगो द्वारा ऐसा क्यों किया जा रहा है?यह कार्य कभी भी अनहोनी करा सकता है,समस्त जिला प्रशासन से आग्रह है कि दीवानी न्यायलय के आदेशों की धज्जियां उड़ाने वाले जितिन,विनिति, मधुप तिवारी पर कठोर अनुशासनात्मक व दंडात्मक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है मामले को थाना प्रभारी चौरी को इस घटना से अवगत करा दिया गया है।



- घरेलू उद्योग को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए
- समूह ने भारत में 15 साल में 100 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई
- स्विस घड़ियां, चाकलेट और तराशे गए हीरे देश में होंगे सस्ते

## भारत और ईएफटीए ने 10 मार्च को समझौते पर किए थे हस्ताक्षर

# यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ भारत में निवेश को लेकर उत्साहित: गोयल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि चार सदस्यीय यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) भारत में निवेश को लेकर उत्सुक है और घरेलू उद्योग को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। भारत और ईएफटीए ने 10 मार्च को मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।*

समूह ने भारत में 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश को लेकर प्रतिबद्धता जतायी है। साथ स्विस घड़ियां, चॉकलेट और तराशे गये हीरों पर कम या शून्य शुल्क पर सहमति जतायी गयी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिसटेंस्टिन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं।

### ईएफटीए निवेश के लिए है

गोयल ने कहा कि वह ईएफटीए प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने के लिए रविवार को स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह 100 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए है न कि पोर्टफोलियो निवेश के लिए।

### पहली बार नौकरियों की बात कही गई

गोयल ने यहां उद्योग के कार्यक्रम में कहा, 'इतिहास में पहली बार, एक एफटीए में निवेश और नौकरियों की बात कही गयी है। यदि वे (ईएफटीए) निवेश प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं करते हैं, भारत एफटीए में दी गई रियायतें वापस ले सकता है।'

### समूह को तीन साल की मोहलत दी गई

समझौते के क्रियान्वयन के बाद पहला 50 अरब डॉलर का निवेश 10 साल में जबकि शेष अगले पांच साल में होगा। व्यापार समझौते में दायित्वों को पूरा करने के लिए समूह को तीन साल की मोहलत भी दी गयी है। गोयल ने देश के निर्यात के बारे में कहा कि 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को 2,000 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य हासिल करने लायक है।




### चार वर्षों में देश होगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि की गति को देखते हुए, भारत लगभग चार वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मंत्री ने उद्योग से अनुपालन बोझ को और कम करने पर विचार साझा करने का भी सुझाव दिया।

### निवेश 15 साल में होने हैं

दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के प्रावधानों के अनुसार, यदि चार देशों का समूह 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं करता हैं, तो भारत के पास ईएफटीए देशों के सामान पर सीमा शुल्क छूट को अस्थायी रूप से वापस लेने का विकल्प होगा। ये निवेश 15 साल में होने हैं।

### ब्रिटेन की नई सरकार उत्साहित

गोयल ने यह भी कहा कि भारत और ब्रिटेन प्रस्तावित द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की नई सरकार के जो शुरुआती बयान आये हैं, वे काफी उत्साहजनक हैं। ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की।

### भारत-ब्रिटेन जल्द पहुंचेगे निष्कर्ष पर

गोयल ने कहा कि वह एक एफटीए को अमलीजामा पहनाने को तैयार हैं। यह दोनों पक्षों के लिए काम करेगा। दोनों नेताओं ने पारस्परिक रूप से लाभदायक भारत-ब्रिटेन एफटीए के जल्दी ही निष्कर्ष पर पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जतायी।


TRANSFORM YOUR BUSINESS THROUGH
ALPHA
MIND
PROGRAMMING
By:
PRAVEEN SAGAR
Ready To Grow 3X?
JOIN
Our Scientifically Proven
Mind Power Session For
Massive Success & Happiness
What You'll Achieve?
Super Sales
Crossing Targets
Wholistic Work Life Balance
Big Money with Peace of Mind
PRAVEEN SAGAR
Mind Power Success Coach
"I INK WHAT YOU THINK"
+91 99788 00522 / +91 94283 30770
psagarmanpuria@gmail.com
praveensagarmindguru
praveensagarMindGuru



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आलिया से होगा बॉबी का टक्कर





**फिल्म** अल्फा में आलिया भट्ट के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर नजर आने वाले हैं। हाल ही में फिल्म का ऑफिशियल अनाउंसमेंट वीडियो रिलीज किया गया था। इसके साथ ही फिल्म का टाइटल भी सामने आया, जो है- अल्फा। यह शब्द ग्रीक अल्फाबेट का पहला अक्षर है, जिसे समाज की पुरानी सोच बदलने के लिए रखा गया है। फिल्म अल्फा में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ सिस्टर्स के रोल में होंगे जबकि विलेन बने बॉबी देओल दोनों से भिड़ते नजर आएंगे। इसके साथ-साथ अनिल कपूर फिल्म में आलिया भट्ट के पिता के रोल में होंगे। हालांकि, अब तक मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया भट्ट इस फिल्म में सीक्रेट एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। सुपर एजेंट की भूमिका निभाने के लिए उन्होंने तगड़ी ट्रेनिंग ली है। ऐसा कहा जा रहा है कि आलिया भट्ट ने लगभग चार महीने तक खुद को ट्रेन किया है। इस फिल्म में आलिया भट्ट का अवतार यूनिक होने वाला है।

PASARA LICENSE HOLDER

SPY SECURITY SSS SERVICES

SERVICES
1) Supervisor / Rounder
2) Male Security Guard
3) Female Security Guard
4) Liftman
5) Bouncer

CONTACT
9892736336
24/7 SERVICE

ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011

G. D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)
Upper Govind Nagar, Malad (East)
NAAC accredited with B+ ISO 9001: 2015 Certified College

Admissions Open

The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)

B.Com.: : Bachelor of Commerce
B.Com.: : Bachelor of Commerce (Management Studies)
B.A.F.: : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)
B.Sc.: : Bachelor of Science
B.Sc.I.T.: : Bachelor of Science (Information Technology)

College Code : MU-0527
Contact Number: 9321558419/ 9321674124